# टैंकर और कार की आमने-सामने की हुई भिड़ंत में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र में देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा हरियाली बाजार के पास दूध टैंकर और कार की आमने-सामने की टक्कर से हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मवाना के मोहल्ला हीरालाल निवासी प्रवीण पुत्र आदित्य के रूप में हुई है। उनके साथ कार में अमन पुत्र राजेंद्र और राजीव सैनी पुत्र प्रदीप सैनी भी सवार थे। तीनों रविवार रात रामराज से मवाना लौट रहे थे। राम. राज और बहसूमा के बीच हरियाली बाजार के निकट पहुंचते ही उनकी कार सामने से आ रहे उत्तराखंड नंबर के दूध टैंकर से टकरा गई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। राहगीरों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को मेरठ के एक



निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान प्रवीण ने दम तोड़ दिया। राजीव की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है, जबकि अमन को खतरे से बाहर बताया गया है।

### चार साल की बेटी, पत्नी आठ माह की गर्भवती

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर को कब्जे में ले लिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। प्रवीण का विवाह कुछ वर्ष पूर्व मंजू से हुआ था। उनकी चार वर्षीय बेटी है, जबकि पत्नी आठ माह की गर्भवती है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मोहल्ले में शोक का माहौल है।

# कलक्ट्रेट नजारत विभाग में तैनात चपरासी की संदिग्ध मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलक्ट्रेट नजारत विभाग में चपरासी के पद पर तैनात रोहित वाल्मीकि पुत्र सतीश निवासी पूर्वा अहिरान वाल्मीकि बस्ती 28 फरवरी को अपनी डयूटी पर गया था। कलेक्ट में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम था डयूटी के पश्चात रोहित कार्यक्रम में शामिल होकर रात्रि समय लगभग 8 बजे अपने घर आया और आकर सो गया एक मार्च को प्रात 11 बजे तक न उठने पर उनकी पत्नी सरिता ने उन्हें उठाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं उठे। उन्होंने देखा कि वह पूर्ण रूप से उनका शरीर नीला पड़ा हुआ था और चेहरा सूजा हुआ था पूरा शरीर अकड़ गया था।

रोहित का शरीर देखकर उनकी पत्नी चिल्लाई जिससे आसपास के लोगों ने आकर उसे कमरे से नीचे उतारा और उसे हॉस्पिटल लेकर गए जहां पर डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया जब यह सूचना मृतक की पत्नी को मिली तो उसने अपने पति के स्टाफ के साथियों को इस बात की सूचना देनी चाही जब उन्होंने कॉल किया तो फोन उठा और उन्होंने यह



घटना बताई उसके बाद उस नंबर पर बात करते-करते फोन काट दिया गया और उसके बाद वह फोन फिर ऑन नहीं हुआ न ही कोई स्टाफ मृतक के घर पर आया और न ही उसकी अंतिम यात्रा में शामिल हुआ। इन्हीं इन्हीं सब करणो से मृतक की पत्नी को कुछ शक हुआ। मृतक की पत्नी ने अपने पति की सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने आकर पंचनामा भरवा कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया। इस बीच सूचना के बाद पहुंचे कैलाश चंदौला, मनोज चंदौला, मनोज सिंघानिया, संजय नजराना व टीसी मनोठिया पूर्व पार्षद ने मांग की है कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

# हिंदू-मुस्लिम व सिख समाज ने एक साथ होली खेलकर दी एकता की मिसाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होली के अवसर पर सामाजिक संगठन को. शिश ने कृष्णपाड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम और सिक्ख समाज के लोग शामिल हुए और सां. प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। संगठन के अध्यक्ष अजय सेठी ने कहा कि नफरत और बुराइयों का दहन करने का नाम ही होली है। होली मिलन कार्यक्रम में शहर के विभिन्न रंग कर्मियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में अजय सेठी के अलावा जसपाल सिंह चावला, मुहम्मद कैफ, करन कामरा, उमेश सिंघल, अर्चित अग्रवाल, मोहनलाल वर्मा, विनीत जैन, मुकेश शर्मा, विशाल शर्मा, बॉबी रस्तोगी, गोपाल रस्तोगी, संजय तोमर, मुकेश कुमार, सुरेंद्र अग्रवाल और विवेक शर्मा मौजूद रहे।

# परीक्षितगढ़ पुलिस ने 12 लीटर कच्ची शराब के साथ एक दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने नहर की पटरी से एक युवक को कच्ची शराब के साथ पकड़कर विधिक कार्रवाई की है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गये अभियान के तहत पुलिस ने मध्य गंगा नहर की पटरी से एक युवक सुनील पुत्र सत्यवीर निवासी ग्राम आलमगिरपुर बढ़ला को 12 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा तथा उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। वहीं तीन दिन पूर्व भी खादर क्षेत्र में भारी मात्रा में लहन नष्ट तथा कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को जेल भेजा था। थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि होली पर अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है थाना क्षेत्र में गैर कानूनी काम नहीं होने दिया जाएगा। पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शराब माफियाओ में हड़कंप मचा हुआ है।

# अमेजन का सैलर्स के लिए तोहफा 12.5 करोड़ प्लस प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन इंडिया ने फीस में कटौती की घोषणा की। जीरो रेफरल फीस 1800 से अधिक कैटेगरीज के उन प्रोडक्ट्स पर लागू होगी, जिनके मूल्य 1,000 रुपये से कम हैं। इसके अलावा, एमेजॉन ने 300 रुपये से कम मूल्य के 20 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर इजी शिप फीस को भी कम कर दिया है। एमेजॉन इंडिया के डायरेक्टर, सैलिंग पार्टनर सर्विसेज, अमित नंदा ने कहा हम अमेजन. पद पर सैलिंग को टियर 2 और टियर 3 शहरों के छोटे व्यापारियों के लिए और अधिक फायदेमंद बनाना चाहते हैं। 1,800 से अधिक कैटेगरीज में 12.5 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स पर रेफरल फीस के खत्म होने और लॉजिस्टिक्स की लागत घटने से सैलर्स को फीस में 70 प्रतिशत तक की बचत प्राप्त होगी। फीस में यह कटौती सैलर्स और ग्राहकों को ज्यादा लाभ प्रदान करने की एमेजॉन कोशिशों को दिखाती है।

# थाने में पत्रकारों की कवरेज पर अंकुश लगाने वाली सीओ का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद के ब्रह्मपुरी क्षेत्र की क्षेत्रधिकारी सीओ सौम्या अस्थाना का एक ऑडियो वायरल होने के बाद आजाद अधिकार सेना ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ कड़ा मोर्चा खोल दिया है। इस ऑडियो में सीओ साहिबा पत्रकारों को थाने के भीतर वीडियोग्राफी करने पर कार्रवाई की धमकी देती सुनाई दे रही हैं, जिसे संगठन ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला करार दिया है।

मंडल अध्यक्ष मास्टर अजीज की ने सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि आजाद अधिकार सेना में इस ऑडियों से गहरा रोष है। उन्होंने कहा कि पुलिस थानों में पारदर्शिता होनी चाहिए, न कि तानाशाही। उन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश के संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से कड़ा संदेश देते हुए कहा हमारी पूरी टीम और उत्तर प्रदेश के सभी नेता इस मामले पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं। हम प्रशासन को साफ कर देना चाहते हैं कि यदि मेरठ के किसी भी थाने में या उत्तर प्रदेश के किसी भी कोने में किसी भी पत्रकार के साथ पुलिस ने कोई कार्रवाई की, उनके कैमरे रोके या उनके काम में बाधा डाली, तो आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता एक पल की भी देरी किए बिना तुरंत उसी थाने के सामने धरने पर बैठ जाएंगे। मास्टर अजीज ने स्पष्ट किया कि पत्रकार जनता की आवाज हैं और उन्हें डराना-धमकाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर पुलिस का कामकाज साफ-सुथरा है, तो उन्हें वीडियो बनने से डर क्यों लग रहा है? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पत्रकारों के प्रति पुलिस का यह रवैया नहीं बदला, तो संगठन पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों का घेराव करेगा। उन्होंने मांग की है कि सीओ ब्रह्मपुरी के इस गैर-कानूनी मौखिक आदेश को तुरंत वापस लिया जाए। पत्रकारों को बिना किसी डर के अपना काम करने का सुरक्षित माहौल दिया जाए। थानों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए ताकि जनता और मीडिया का विश्वास बना रहे साथ ही पत्रकारों को थाने में ही नहीं ब्लकि उनके काम करने में आने वाली बाधाओं को भी समाप्त कर उन्हे सुरक्षा प्रदान कराई जाए। जिससे निष्पर्ष कार्य कर सके।

# होली चौक पर हुआ होलिका दहन श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**पंडित शम्भू नाथ गैरोला ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत कराई पूजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** कस्बा शाहज. हांपुर के मोहल्ला होली चौक में सोमवार रात होलिका दहन का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। निर्धारित मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद होलिका दहन किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र उत्सव के रंग में रंगा नजर आया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

होलिका दहन से पूर्व पंडित शम्भू नाथ गैरोला ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा कराई। श्रद्धालुओं ने होलिका की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा होली चौक रंगोत्सव के उल्लास से सराबोर दिखा। डीजे की धुनों पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, टिंकू कंसल, आशुतोष कंसल, गौरव सक्सेना, शिवा नामदेव, आकाश कंसल, रजनीश गोयल, सचिन गोयल, अभय शंकर सहित मोहल्ले के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।




# श्री राम कॉलेज के 44 छात्र-छात्राएं कंपनी में चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर में पैन इण्डिया प्रतिष्ठित कम्पनी क्यू स्पाइडर्स प्रा0 लि0, नोएडा ने राम ग्रुप ऑफ कालेजेज के इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन के विद्यार्थियों को चयन हेतु ऑनलाइन आंमत्रित किया।

कम्पनी प्रतिनिधि कु0 अभिलिप्सा टैलेंट एक्विजिशन हैड एवं ख्रति टैलेंट एक्विजिशन हैड क्यू स्पाइडर्स प्रा0 लि0, नोएडा ने सम्पूर्ण प्लेसमेंट ड्राइव को एसआरजीसी परिसर में आयोजित किया। संस्थान के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान एवं चीफ ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट कोर्डिनेटर, आशीष चौहान ने कम्पनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इसके उपरान्त कम्पनी प्रतिनिधि कु0 अभिलिप्सा क्यू स्पाइडर्स प्रा0 लि0, नोएडा ने पॉवर



प्वांइट प्रजेंटेशन द्वारा सभी विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कम्पनी का मुख्य कार्यालय बैंगलौर में स्थित है तथा कम्पनी पिछले 15 वर्षों से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, सॉफ्टवेयर टैस्टिंग तथा अन्य आई0टी0 सम्बन्धित कार्यों में सम्मिलित है।

प्लेसमेन्ट प्रक्रिया को 2 चरणों मे विभाजित किया गया प्रथम चरण में कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा छात्रों को कम्पनी के कार्यों के बारे में अवगत कराया तथा कम्पनी द्वारा किये जाने वाले विविध कार्य क्षेत्रों के बारे में बताते हुए छात्रों का ज्ञानवर्द्धन किया।

## ईरान मे फंसा ककरौली का परिवार, चिंता व दुआ जारी

**मोरना।** ईरान व इजराइल अमेरिका युद्ध के बीच ईरान मे धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने गये ककरौली निवासी मौलाना के परिवार के कुशलक्षेम को लेकर ग्रामीणों मे चिंताएं जारी है। ककरौली निवासी नियाज़ मेंहदी ने जानकारी देकर बताया की ककरोली निवासी 40 वर्षीय मौलाना रियाज हैदर पुत्र गुलामहुर ईरान के शहर कुम मे धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए गए हुए हैं। बीते एक वर्ष से वह अपनी 35 वर्षीय पत्नी दुरफिशा व 14 वर्षीय पुत्री जैनब सिफत के साथ वहां रह रहे हैं। वर्तमान में जारी युद्ध के हालात को लेकर परिजन व ग्रामीण उनके खैरियत को लेकर चिंतित हैं।

## मुस्लिम बीएलओ छुट्टी के बाद भी कर रहे एसआईआर संबंधी कार्य

**रतनपुरी।** गांव हुसैनाबाद भनवाडा में सरकारी अवकाश के बावजूद भी जनहित में त्रुटि सुधार कार्य जारी है। यह कार्य दस्तावेजों में नाम, जन्मतिथि या अन्य प्रशास. निक संशोधनों से संबंधित त्रुटियों को ठीक करने के लिए किया जा रहा है। बीएलओ ने बताया कि समय पर त्रुटियों का निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए अवकाश के दिनों में भी कार्य बाधित नहीं होने दिया जा रहा है। हेड मास्टर इरफान अली ने कहा कि यह भी हमारे लिए त्योहार से कम नहीं है। पूर्व प्रधान तिजारत ने बताया कि यह कार्य आमजन के सहयोग और कर्मचारियों के अच्छे व्यवहार से ही पूरा होगा।












